आकाशवाणी शिमला

14.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

घोषणा पत्र

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनावों के लिए आज अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इसे संकल्प पत्र का नाम दिया गया है। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में जारी किए गए संकल्प पत्र में एक राष्ट्र–एक चुनाव, समान नागरिक संहिता और एकल मतदाता सूची का वादा किया गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने संकल्प पत्र जारी किया। संकल्प पत्र में भाजपा ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत मुफ्त राशन की सुविधा को अगले 5 वर्ष तक जारी रखने की बात कही है। साथ ही आयुष्मान भारत योजना में देश के सभी वरिष्ठ नागरिकों को शामिल करने का वादा किया गया है। संकल्प पत्र में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने पर बल दिया गया है और पीएम सूर्य घर योजना के साथ बिजली बिल शून्य करने का वादा किया गया है। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि संकल्प पत्र युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों को सशक्त बनाता है जो विकसित राष्ट्र के चार मजबूत स्तंभ हैं।

प्रतिभा सिंह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा है कि आगामी चुनाव में पार्टी बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी। भाजपा के घोषणा पत्र पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के पास प्रदेश सरकार के खिलाफ कोई मुद्दा नहीं है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस के पास जनबल है और इसी आधार पर पार्टी प्रदेश में अपनी जीत का परचंम लहराएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने मंडी व शिमला संसदीय सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है और जल्द ही कांगड़ा व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भी उम्मीदवार घोषित किए जाएंगे।

अम्बेदकर

भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेदकर की 134वीं जयंती पर आज कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रदेश में मुख्य समारोह राजधानी शिमला के चौड़ा मैदान स्थित अम्बेदकर चौक में आयोजित किया गया। इस दौरान राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने डॉक्टर अम्बेदकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि डॉक्टर भीमराव अम्बेदकर ने न केवल भारतीय संविधान को बनाया बल्कि लोगों को संविधान के अनुसार जीने और कार्य करने का संदेश भी दिया है। राज्यपाल ने कहा कि आज देश सहित पूरे विश्व में भीमराव अम्बेदकर द्वारा बनाए गए संविधान की चर्चा होती है। दूसरी ओर कांग्रेस मुख्यालय शिमला में पार्टी नेताओं ने संविधान निर्माता को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान वक्ताओं ने डॉक्टर अम्बेदकर को याद करते हुए संविधान की रक्षा का प्रण लिया। डॉक्टर अम्बेदकर की जयंती पर चम्बा शहर में एक सदभावना बाईक रैली निकाली गई।

संदेश

हिमाचल दिवस की पूर्व संध्या पर आज रात 8 बजे आकाशवाणी शिमला से राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का प्रदेशवासियों के नाम संदेश प्रसारित किया जाएगा। ये संदेश आकाशवाणी शिमला, एफ.एम शिमला, एफ .एम हमीरपुर, एफ.एम. धर्मशाला और आकाशवाणी शिमला के सभी रिले केंद्रों से एक साथ प्रसारित किया जाएगा। वहीं दूरदर्शन केंद्र शिमला से ये संदेश आज शाम साढ़े सात बजे प्रसारित होगा।

बधाई

इस बीच राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने प्रदेशवासियों को 77वें हिमाचल दिवस की बधाई दी है। उन्होंने उम्मीद जताई की प्रदेशवासियों के रचनात्मक सहयोग के परिणाम स्वरूप हिमाचल प्रदेश प्रगति के पथ पर हमेशा अग्रसर रहेगा। राज्यपाल ने

सभी प्रदेशवासियों की खुशहाली की भी कामना की है। अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य की विशिष्ट सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए भाई–चारा व एकता बनाए रखने पर बल दिया।

सेवा सप्ताह

अग्निशमन विभाग आज से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मना रहा है। इसका उदेश्य आग की घटनाओं में रोकथाम और लोगों को इस दिशा में जागरूक करना है। राजधानी शिमला में उपायुक्त अनुपम कश्यप ने जिलास्तर पर इस अभियान का शुभारंभ किया। अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान आग की घटनाओं के बाद प्राथमिक उपचार सहित आपातकालीन बचाव प्रक्रिया के तरीकों के बारे में जागरूकता बढ़ाई जाएगी। विभाग द्वारा सप्ताह के दौरान सार्वजनिक स्थलों, औद्योगिक क्षेत्रों और शैक्षिणक संस्थानों में अग्निशमन से जुड़ी प्रदर्शनी व भाषण प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।

नवरात्र

चैत्र नवरात्रे के छठे दिन आज माँ दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है और भजन कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा विशेष प्रबंध किए गए हैं।

———————————————